EAST COAST RAILWAY

प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी का कार्यालय/
Office of the Principal Chief Personnel Officer
रेल सदन, द्वितीय तल, भुवनेश्वर - 751017
Rail Sadan, IInd Floor, Bhubaneswar-751017

स्थापना क्रमांक/ Estt. Srl. No. 172/2020
पूतरे/कार्मिक/आर/ECoR/Pers/R/MC-68

Date: 17.11.2020

सेवा मे,
सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों/समन्वयक विभागाध्यक्षों, पू त रे/भुवनेश्वर
मं.रे.प्र/व.मं.का.अधिकरी/मं.का.अधिकारी-खोरधारोड,वालातेरू, संबलपुर,
मु.कारखाना प्रबंधक/कारखाना कार्मिक अधिकारी- मंचेश्वर, अतिरिक्त रजिस्ट्रार/रेल दावा अधिकरण,
उ.मु.का अधिकारी(नि.)/भुवनेश्वर
महा सचिव/इकोर श्र. कां., महा सचिव/इकोर श्र. यू.,
महा सचिव/एआई ओ बी सी आर ई ए, महा सचिव/ ए आई एस सी एस टी आर ई ए

Sub: Master Circular No-68 on Instructions Governing Promotion from Group-"C" to Group-"B" posts Updated in July, 2019.

*****

उपर्युक्त विषय पर रेलवे बोर्ड पत्र सं. E (GP) 2019/2/5 दिनांक 08.07.2019 की प्रतिलिपि सूचना, मार्गदर्शन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रेषित है।

A copy of Railway Board's Lr. No. E (GP) 2019/2/5 dated 08.07.2019 on the above quoted subject is forwarded herewith for information, guidance and necessary action.


Encl: As above,

(R.N.A.Parida)
Chairman Railway Recruitment Cell
***For* Principal Chief Personnel Officer**

प्रतिलिपि प्रेषित/Copy to :

1) महाप्रबंधक के सचिव/पूर्व तट रेलवे, भुवनेश्वर
2) मुकाधि/मुकाधि(प्रशा.), उप म.प्र, अध्यक्ष(रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ)
3) उप मुख्य प्रबंधक(सू.प्रौ), उप मुकाधि(औ.सं.एवं कल्याण), वकाधि(इंजी.)
4) वकाधि(स्टाफ), वकाधि(मुख्या. एवं न्याया.)
5) मुकाधि के निजी सचिव/सहा.कार्मिक अधि.(मुख्या.),सहा.कार्मिक अधि.(कल्याण), सहा.कार्मिक अधि.(विल),

(केवल सरकारी प्रयोग के लिए)
(For Official use only)



सत्यमेव जयते

भारत सरकार Government of India
रेल मंत्रालय Ministry of Railways
(रेलवे बोर्ड Railway Board)

ग्रुप 'सी' से ग्रुप 'बी' संवर्गो में पदोन्नति को शासित करने वाले अनुदेशों पर मास्टर परिपत्र संख्या 68

Master Circular No. 68 On Instructions Governing Promotion From Group 'C' To Group 'B' Posts

Updated in July, 2019

भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
रेल मंत्रालय / MINISTRY OF RAILWAYS
(रेलवे बोर्ड / RAILWAY BOARD)

अद्यतन मास्टर परिपत्र सं.68

सं.ई(जीपी)/2019/2/5 **नई दिल्ली, दिनांक: 08.07.2019**

महाप्रबंधक
सभी भारतीय रेलें और उत्पादन इकाइयां आदि

विषय: ग्रुप 'सी' से ग्रुप 'बी' पदों में पदोन्नति को शासित करने संबंधी समेकित अनुदेश।

बोर्ड के मास्टर परिपत्र सं.68 के अंतर्गत दिनांक 30.03.2007 के पत्र सं.ई(जीपी)/2007/2/25 के तहत ग्रुप 'सी' से ग्रुप 'बी' पदों में पदोन्नति को शासित करने संबंधी समेकित अनुदेश जारी किए गए थे। इस दौरान, इन नीतिगत दिशानिर्देशों में कतिपय आशोधन किए गए हैं। तदनुसार अद्यतन मास्टर परिपत्र सं.68 को सभी संबंधितों के सूचनार्थ और मार्गदर्शन के लिए जारी किया जा रहा है, जिसमें मौजूदा अनुदेशों को समाविष्ट किया गया है। इस परिपत्र का संदर्भ लेते समय इसमें उल्लिखित मूल पत्र को उचित मार्गदर्शन के लिए पढ़ा जाए और किसी भी प्रकार का संशय होने की स्थिति में मूल पत्र को प्राधिकार माना जाए।

मीनाक्षी

(मीनाक्षी सलूजा)
उप निदेशक, स्थापना (जीपी)-III
रेलवे बोर्ड

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF RAILWAYS
(RAILWAY BOARD)

Updated M.C.No. 68

NO. E (GP) 2019/2/5 New Delhi, dt. 08 .07.2019

The General Manager,
All Indian Railways & Production Units etc.

Sub: Consolidated instructions governing promotion from Group 'C' to Group 'B' posts.

Consolidated instructions governing promotion from Group 'C' to Group 'B' posts were issued vide Board's letter no. E(GP) 2007/2/25 dated 30.03.2007 under Master circular no. 68. In the meanwhile, certain modifications in these policy guidelines have taken place. Accordingly the updated Master Circular No. 68 incorporating the extant instructions is issued for information and guidance of all concerned. While referring to this Circular, the original letter referred to therein should be read for proper appreciation and in case of doubt, the original letter should be relied upon as authority.

M. Saluja 08.7.19

(Meenakshi Saluja)
Dy. Director, Estt.(GP)-III
Railway Board

<u>समूह 'ख' में रिक्तियों को भरने का तरीका</u>

1.1 समूह 'ख' की रिक्तियां समूह 'ग' के पात्र कर्मचारियों के चयन के आधार पर पदोन्नति द्वारा और सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा, जहां लागू हो, के आधार पर भी भरी जाती हैं। जहां सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा की योजना लागू है, वहां 70% रिक्तियां भरने के लिए चयन आयोजित किया जाता है और शेष 30% रिक्तियां भरने के लिए सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की जाती है।

(भा.रे.स्था.नि. वॉल्यूम 1 का पैरा 201.1 एवं
पत्र सं.ई(जीपी)92/2/93 दिनांक 03.11.1992)

1.2 समूह 'ग' से समूह 'ख' में पदोन्नति के लिए सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा की योजना को निम्नलिखित विभागों में शुरू किया गया है:-

सिविल इंजीनियरी
बिजली इंजीनियरी
सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियरी
यांत्रिक इंजीनियरी
यातायात (परिवहन एवं वाणिज्य)
लेखा
कार्मिक
भंडार

(सं.ई(जीपी)76/2/96 दिनांक 03.06.1977)
(सं.ई(जीपी)76/2/96 दिनांक 03.08.1977)
(सं.ई(जीपी)86/2/61 दिनांक 10.01.1990)

2. <u>विभाग के भीतर एकीकृत चयन</u>

2.1 एक विभाग के भीतर विभिन्न शाखाओं में समूह 'ख' पदों के लिए एकीकृत चयन आयोजित किया जाए और उस विभाग हेतु समग्र रूप से एक पैनल बनाया जाए। ड्राइंग कार्यालय के कर्मचारियों को कारखाना विभाग के साथ जोड़ दिया जाएगा। मुख्य यार्ड मास्टर, सहायक यातायात प्रबंधक, क्षेत्रीय अधिकारी एवं स्टेशन अधीक्षक के समूह 'ख' पदों को परिचालनिक शाखा के पदों के रूप में माना जाए।

(सं.ई(जीपी)82/2/120 दिनांक 25.01.1983)

2.2 समूह 'क'/कनिष्ठ वेतनमान और वरिष्ठ वेतनमान (तदर्थ) में पदोन्नति हेतु वरिष्ठता के मामलों में, विभिन्न विभागों में समूह 'ख' पदों के लिए चयनित अधिकारियों के हितों की संरक्षा की दृष्टि से, विभाग के भीतर विभिन्न स्ट्रीमों हेतु चयनों को उस सीमा तक जहाँ प्रशासनिक रूप से संभव हो, साथ-साथ अंतिम रूप दिया जाता है।

(सं.ई(जीपी)82/2/120 दिनांक 24.12.1983)

2.3 यांत्रिक इंजीनियरी एवं परिवहन (टी एंड सी) विभागों के विभिन्न स्ट्रीमों में समूह 'ख' पदों पर पदोन्नति हेतु चयन जहां तक संभव हो, साथ-साथ आयोजित किए जाएं। समूह 'क' सेवा में उनके समाहन के लिए वरिष्ठ वेतनमान में उनकी तदर्थ पदोन्नति हेतु पैनलबद्ध विभाग-वार समूह 'ख' अधिकारियों की वरिष्ठता बनाने के लिए, निम्नलिखित सिद्धांतों का अनुपालन किया जाए:-

(क) जहां समूह 'ख' पर नियुक्तियां विभिन्न तारीखों में की जाती हैं, वहां नियुक्ति की तारीख जो अनाकस्मिक सेवा को शासित करेगी, सम्मिलित वरिष्ठता के निर्धारण का आधार बनाएगी।

(ख) यदि विभिन्न विभागों में समूह 'ख' पदों पर नियुक्तियां एक ही तारीख को की जाती हैं तो आगे पदोन्नति के प्रयोजनों हेतु ऐसे समूह 'ख' अधिकारियों की वरिष्ठता प्रत्येक विभाग के अधिकारियों की पारस्परिक वरिष्ठता के साथ छेड़-छाड़ किए बिना समूह 'ग' में उनकी सापेक्ष वरिष्ठता के आधार पर निर्धारित की जाएगी।

(सं.ई(जीपी)84/1/7 दिनांक 22.09.1984)

3. <u>चयन/सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा आयोजित करने की बारंबारता</u>

3.1 समूह 'ख' में नियुक्ति के लिए सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा सहित चयन दो वर्ष में एक बार किया जाना चाहिए। जहां अप्रत्याशित परिस्थितियों जैसे नए पदों का सृजन, पदों का ग्रेड बढ़ाना आदि के कारण तैयार किया गया पैनल नि:शेष हो जाए और द्विभाषी चयन की अवधि छह महीने से अधिक दूर हो तो पुनः चयन आयोजित किया जा सकता है। तथापि, इस प्रकार चयन आयोजित करने की आवश्यकता दुष्प्राय होनी चाहिए और सामान्य द्विवार्षिक चयन के लिए रिक्तियों का परिकलन करते समय समुचित ध्यान रखा जाना चाहिए। पैनल में प्रकाशित करने के लिए रिक्तियों के आकलन से चयन की पूर्ण प्रक्रिया जहां तक संभव हो, 4 महीने की अवधि के भीतर पूरी की जाए।

(भारतीय रेल स्थापना नियमावली वाल्यूम-I का पैरा 201.2)
(सं.ई(जीपी)78/2/101 दिनांक 23.01.1979)

3.2 यह सुनिश्चित करने कि चयन बिना किसी असफलता के छमाही रूप से आयोजित किए जा रहे हैं, कार्य को इस प्रकार किया जाए ताकि आधे विभागों को पहले वर्ष में शामिल कर लिया जाए और बाकी विभागों को उत्तरवर्ती वर्ष में शामिल कर लिया जाए और इसी प्रकार चक्र को दोहराया जाए। चयनों से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाएं पर्याप्त रूप से अग्रिम में शुरू की जानी चाहिए ताकि चयन आयोजित करने की समय-सारणी में बाधा ना आए। इस प्रयोजन हेतु प्रत्येक रेलवे की स्थिति पर आधारित एक कैलेंडर तैयार किया जाए और यह सुनिश्चित करने के लिए कार्य पर ध्यानपूर्वक नज़र रखी जाए कि समय-सारणी में कोई चूक नहीं है। इस संबंध में कार्य की प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी के स्तर पर आवधिक रूप से पुनरीक्षा की जाए। समूह 'ख' में तदर्थ व्यवस्थाओं को सामान्यतया: पुन: बहाल न किया जाए।

(सं.ई(जीपी)87/2/72 दिनांक 11.01.1988)

3.3 विभिन्न विभागों में सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के लिए रिक्तियों को भरने हेतु सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा उसी वर्ष, जिस वर्ष उस विभाग में 70% चयन आयोजित किए गए हैं, आयोजित की जाएगी। इसी क्रम में, सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा में तदनुरूपी चयन का पालन किया जाए।

3.4 सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के लिए सूचना 70% चयन के लिए जारी सूचना के साथ यह दर्शाते हुए कि सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा की तारीखों को बाद में घोषित किया जाएगा, जारी किए जाएं।

3.5 सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के लिए निर्धारित की गई अर्हता के निर्धारण हेतु तारीख वही होनी चाहिए, जो 70% चयन के लिए निर्धारित की गई है।

3.6 चयन/सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के आधार पर भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या कर्मचारियों की सूचना हेतु नोटिस में दर्शाई जाए।

3.7 जहां विधि न्यायालयों में विवाद के कारण चयनों के तदनुरूप सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा, जिन्हें आयोजित किया गया है, पर कार्रवाई नहीं की जा सकी, अगले चयन के देय होने से पहले मामले को निर्धारित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं।

3.8 जहां न्यायिक मामले में समय लगता है और इस पर निर्णय होने की संभावना से पहले अनुवर्ती चयन देय हो जाता है और यह प्रशासनिक रूप से अनिवार्य है, महाप्रबंधक के वैयक्तिक अनुमोदन से एक प्रस्ताव बोर्ड कार्यालय को भेजा जाए जो प्रस्ताव को अनुमोदित करने से पहले न्यायिक मामले की स्थिति की समीक्षा करेंगे और स्वयं की संतुष्टि करेंगे कि न्यायालय में चल रहे मामले को शीघ्र अंतिम रूप देने के लिए प्रशासन द्वारा सभी संभव प्रयास कर लिए गए थे।

(सं.ई(जीपी)76/2/96 दिनांक 03.06.1977)
(सं.ई(जीपी)79/2/101 दिनांक 18.06.1985)

4. <u>चयन समिति की संरचना</u>

4.1 समूह 'ख' में पदोन्नति के लिए उपयुक्त समझे गए समूह 'ग' कर्मचारियों के संबंध में महाप्रबंधक को सिफारिश प्रस्तुत करने के प्रयोजनार्थ उसके आदेशों के अधीन चयन समिति गठित की जाएगी।

(भा.रे.स्था.नि. वॉल्यूम 1 का पैरा 202.1)

4.2 चयन समिति में 3 विभागाध्यक्ष, जिनमें प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी या संबंधित विभागाध्यक्ष या संबंधित भर्ती नियमों में जैसी व्यवस्था की गई हो, शामिल है। कार्मिक को छोड़कर सभी विभागों के लिए समूह 'ख' पदों हेतु पदोन्नति के लिए गठित डीपीसी में, कार्मिक विभाग के किसी भी एचएजी/एसएजी अधिकारी को सदस्य के रूप में नामित किया जा सकता है। वरिष्ठ उप-महाप्रबंधक या सतर्कता संगठन के मुख्य सतर्कता अधिकारी को समिति के सदस्य के रूप में नामित

नहीं किया जाना चाहिए। यदि गठित विभागीय पदोन्नति समिति में अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति से संबंधित एक भी सदस्य न हो तो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति से संबंधित एक सदस्य नामित किया जाना चाहिए, जिसका ओहदा कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड से निम्नतर न हो।

(भा.रे.स्था.नि. वॉल्यूम 1 का पैरा 202.1)
(सं.ई(जीपी)2001/2/32 दिनांक 06.12.2017)

4.3 यदि संबंधित विभाग/रेलवे में कोई अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का उम्मीदवार उपलब्ध नहीं है तो समीपवर्ती क्षेत्रीय रेलवे अथवा किसी अन्य रेलवे अथवा उत्पादन इकाई से उपयुक्त स्तर के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार को ढूंढने के प्रयास किए जाएं। यदि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का कोई अधिकारी फिर भी उपलब्ध नहीं होता, तो रेलवे विभाग से विभाग से इतर विभाग से उपयुक्त स्तर के अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के अधिकारी को ढूंढने के प्रयास किए जाएं। यदि विभागीय प्रतियोगी समिति में अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति के अधिकारी को शामिल करना, चाहे नामित अथवा सह-विकल्प हो, संभव नहीं होता तो इसके कारण लिखित में रिकॉर्ड किए जाएं।

(सं.81/ई(एससीटी)15/32 दिनांक 04.06.1981)

5. <u>रिक्तियों का आकलन</u>

5.1 रिक्तियों का वास्तविक आकलन होना चाहिए ताकि आकलन और वास्तविक मौजूदा रिक्तियों जमा उनकी रिक्तियों, जिसकी पैनल की अवधि के दौरान निश्चित रूप से उत्पन्न होने की संभावना है, के बीच बहुत अधिक भिन्नता ना हो। रिक्तियों का आकलन पहले से मौजूद रिक्तियों जमा उन रिक्तियां, जो नए पदों/अतिरिक्त पदों, जिनके लिए प्रस्ताव प्रक्रियाधीन है, में से वे रिक्तियां जो प्रतिनियुक्ति/लंबी छुट्टी आदि से लौटने वाले अधिकारियों द्वारा भरी जाएंगी, को घटाने के बाद उत्पन्न होनी हैं, पर आधारित होना चाहिए।

(सं.ई(जीपी)79/2/74 दिनांक 15.02.1980)

5.2 अक्सर, रेलों द्वारा तैयार किया गया पैनल दो वर्ष की समाप्ति से काफी पहले समाप्त हो जाता है और नए चयनों को शुरू करना पड़ता है। इसे देखते हुए और इस पर भी विचार करते हुए कि विचारार्थ क्षेत्र बहुत बड़ा नहीं बनना चाहिए, यह विनिश्चय किया गया है कि दो वर्ष के लिए मौजूदा और प्रत्याशित रिक्तियों को नियमित संवर्ग (स्थायी और अस्थायी दोनों) में और निर्माण तथा कार्य प्रभारित संवर्ग/पदों में भी रिक्तियों को ध्यान में रखते हुए आंका जाना चाहिए।

(सं.ई(जीपी)87/2/72 दिनांक 22.10.1991)

5.3 अतः इस प्रकार किए गए आकलन के मुताबिक, अगले 6 महीने में उत्पन्न होने वाली रिक्तियों को भी अप्रत्याशित रिक्तियों में शामिल किया जाए और रिक्तियों की कुल संख्या के लिए पैनल गठित किया जाए।

(सं.ई(जीपी)2005/2/61 दिनांक 14.09.2006)
(भा.रे.स्था.नि. वॉल्यूम 1 का पैरा 202.2)

6. पात्रता

6.1 सामान्य चयन और सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा द्वारा समूह 'ख' पदों में पदोन्नति हेतु विचारार्थ पात्रता हेतु शर्तें, जहां लागू हों, संगत भर्ती नियमों में निर्धारित की गई हैं। इस विषय पर आगे निम्नलिखित अनुदेश जारी किए गए हैं:-

6.1.1 समूह 'ख' चयन हेतु पात्रता के मूल्यांकन के लिए निर्धारित तारीख

उक्त अवधि में भरी जाने वाली रिक्तियों के संबंध में चयनों (70% एवं 30% सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा दोनों) में उपस्थित होने के लिए उम्मीदवारों की पात्रता निर्धारित करने के लिए रिक्ति अवधि के शुरू होने की तारीख को निर्धारित तारीख के रूप में माना जाए।

(सं.ई(जीपी)2005/2/42 दिनांक 21.09.2005)

6.2 रिक्तियों के 70% हेतु चयन

6.2.1 समूह 'ग' में चयन के लिए 4200 एवं उससे अधिक के ग्रेड पे के पे बैंड-2 (9300-34800 रु.) के उच्चतर समूहों में कार्यरत समूह 'ग' कर्मचारी विचार किए जाने के पात्र होंगे बशर्ते उन्होंने इस ग्रेड में अनाक्समिक सेवा में तीन वर्ष की सेवा पूरी की हो।

(सं.ई(जीपी)99/2/22 दिनांक 29.03.2010 एवं 06.05.2014)

6.2.2 रेलवे स्कूल अध्यापक, जो रेलवे स्कूलों के अलग संवर्ग से संबंधित हैं और इस प्रकार वे सहायक कार्मिक अधिकारी के समूह 'ख' पद हेतु विचार किए जाने के पात्र **नहीं** हैं।

(सं.ई(जीपी)88/2/54 दिनांक 08.07.1993)

6.2.3 यदि कनिष्ठ कर्मचारी के संबंधित न्यूनतम सेवा शर्तों को पूरा करने के आधार पर 70% चयन के लिए विचार किया जाता है तो उससे वरिष्ठ सभी कर्मचारियों को पात्र माना जायेगा भले ही वे अपेक्षित न्यूनतम सेवा शर्तों को पूरा ना करते हों। यह व्यवस्था सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के लिए लागू नहीं है।

(भा.रे.स्था.नि. का पैरा 203.1 एवं संबंधित भर्ती नियमों में व्यवस्थाएं)

6.3 सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा

6.3.1 सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के लिए 4200 एवं उससे अधिक के ग्रेड पे के पे बैंड-2 (9300-34800 रु.) के उच्चतर समूह 'ग' में कार्यरत सभी समूह 'ग' कर्मचारी विचार किए जाने के पात्र होंगे बशर्ते उन्होंने इस ग्रेड में अनाक्समिक सेवा में पांच वर्ष की सेवा पूरी की हो।

(सं.ई(जीपी)99/2/22 दिनांक 29.03.2010 एवं 06.05.2014)

6.3.2 विधि सहायक/मुख्य विधि सहायक, एएलओ/संपदा अधिकारी आदि के पद पर पदोन्नति के अपने सामान्य अवसर के अतिरिक्त एपीओ अथवा एसीएम के पद के लिए पदोन्नति के लिए पात्र हैं, जो उनके द्वारा लिए गए विकल्प पर निर्भर करता है। किसी भी राजपत्रित संवर्ग में चयन होने के बाद कर्मचारी द्वारा विकल्प दिया जा सकता है। ऐसा विकल्प चयन/सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम के 30 दिन के भीतर कर्मचारी द्वारा लिखित में दिया जाए और एक बार दिए गए विकल्पों को अंतिम माना जाए।

(सं.ई(एनजी)।।/87/पीओ/जनरल/8 दिनांक 23.06.1989)
(सं.ई(जीपी)88/2/54 दिनांक 31.01.1992)

6.3.3 यातायात एवं वाणिज्यिक विभाग, भंडार विभाग, सांख्यिकीय एवं समेकन शाखा के लिपिकवर्गीय कर्मचारियों, रोकड़ एवं वेतन समय कार्यालय के कर्मचारियों एवं अन्य विभागों में आशुलिपिकों और लिपिकवर्गीय कर्मचारियों, जिन्हें अपने स्वयं के विभागों में समूह 'ख' पदों पर पदोन्नति के कोई अवसर नहीं है, को भी एपीओ के पद के लिए एक मौका दिया गया है। ऐसे कर्मचारियों को चयन/सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम के एक महीने के भीतर पदोन्नति हेतु विकल्प देने का अवसर दिया जाए और एक बार दिए गए विकल्प को अंतिम माना जाए। पैनल को तब तक अनंतिम रूप में रखा जाए जब तक कि विकल्प को एक माह के भीतर अंतिम रूप से प्रयोग न कर लिया जाए। बहरहाल, यदि कर्मचारी पैनलबद्ध होने के बाद बाहर निकलने का विकल्प देता है, तो अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए रिक्तियों के आरक्षण हेतु नियमों एवं आदेशों का विधिवत रूप से पालन करते हुए अगले अर्हक उम्मीदवार को सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से पैनल पर रखा जाए और उसके बाद अंतिम पैनल प्रकाशित किया जाए।

(सं.ई(जीपी)92/2/9 दिनांक 25.03.1992)

7. <u>कनिष्ठ वेतनमान/समूह 'क' संवर्ग का निर्धारण:</u>

7.1 प्रत्येक रेलवे/उत्पादन इकाई में 01.01.2015 की स्थिति के अनुसार लीव रिज़र्व सहित समूह 'क'/कनिष्ठ वेतनमान पदों के रेलवे-वार और विभाग-वार वितरण दर्शाने वाले विवरण की 01.01.2015 की स्थिति के अनुसार संबंधित ज़ोन और उत्पादन इकाई में वरिष्ठ वेतनमान एवं जेएजी पदों की संख्या के अनुपात में गणना की गई है, जो निम्नानुसार है:

क्र.सं.	ज़ोनल रेलवे/पीयू/ अन्य संस्थापनाएं	सिविल	बिजली	यातायात	लेखा	एस एवं टी	कार्मिक	यांत्रिक	भंडार
1	मध्य रेलवे	14	23	18	8	14	7	14	7
2	पूर्व रेलवे (मेट्रो सहित)	19+2	17+4	16+2	7+1	12+2	6+1	21	7
3	उत्तर रेलवे	31	13	43	13	18	13	24	7
4	पूर्वोत्तर रेलवे	12	6	12	2	7	3	12	3
5	पूर्वोत्तर सीमा रेलवे	30	7	18	9	11	7	13	4
6	दक्षिण रेलवे	20	17	15	8	14	8	19	6
7	दक्षिण मध्य रेलवे	17	12	20	7	12	8	14	6
8	दक्षिण पूर्व रेलवे	13	13	12	6	9	3	13	5
9	पश्चिम रेलवे (एनएआईआर सहित)	19	17	18+1	7+1	17	7+1	18	7
10	पूर्व मध्य रेलवे (सीआरडब्ल्यू/एचएआर सहित)	22+1	10+1	17	4+1	11	7+1	16	5
11	पूर्व तट रेलवे	11	10	14	5	9	4	9	4
12	उत्तर मध्य रेलवे	14	11	12	6	16	4	15	5
13	उत्तर पश्चिम रेलवे	19	6	11	7	7	5	13	4
14	दक्षिण पश्चिम रेलवे	13	6	12	5	5	5	8	4
15	पश्चिम मध्य रेलवे	11	10	11	5	9	4	10	5
16	दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे	12	9	12	4	9	5	10	4
17	आरसीएफ/केएक्सएच	1	2	-	1	1	1	12	4
18	रे.प.का./बेला	1	1	-	1	1	1	3	1
19	आरसीएफ/रायबरेली	1	2	-	2	1	2	11	4
20	चिरेका	1	8	-	1	-	2	8	3
21	डीरेका	1	3	-	2	-	1	18	5
22	सडिका	1	3	-	2	-	2	12	3
23	रे.प.का.	1	1	-	1	-	1	6	1
24	डी.आ.का.	1	1	-	1	-	1	7	2
25	इरिमी/जमालपुर	-	-	-	-	-	-	2	-
26	कॉफमो	-	-	-	-	-	-	2	0
27	आईआरओएएफ	-	-	-	-	-	-	2	-
28	आरडीएसओ	7	7	-	1	9	1	26	0
29	कोर	-	-	-	-	-	-	-	-
30	इरिसेन	-	-	-	-	-	-	-	2
	कुल	295	220	264	118	194	111	337	108

(सं.ई(जीपी)2005/2/61 दिनांक 12.10.2015)

8. **<u>70% रिक्तियों के लिए चयन हेतु विचार का क्षेत्र</u>**

8.1 पात्र कर्मचारियों के विचार का फील्ड नीचे दिए गए अनुसार निर्धारित किया जाएगा:

रिक्तियों की संख्या	विचार किए जाने वाले कर्मचारियों की संख्या
1	5
2	8
3	10
4 या अधिक	रिक्तियों की संख्या से 3 गुना

8.2 यदि आरक्षित रिक्तियों के अंतर्गत विचार के लिए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का कोई कर्मचारी उपलब्ध नहीं है तो फील्ड को रिक्तियों की संख्या से 5 गुना तक बढ़ा दिया जाए और केवल अनुसूचित जाति/अनूसूचित जनजाति के कर्मचारियों पर ही विचार किया जाएगा और बढ़े हुए फील्ड से आने वाले कर्मचारियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

(भारतीय रेल स्थापना नियमावली वॉल्यूम 1 का पैरा 203.4,
सं. ई(जीपी)81/1/18 दिनांक 9.4.1981)

8.3 अ.जा/अ.ज.जा कर्मचारी, जो संवर्धित ज़ोन से बाहर आरक्षित रिक्तियों के संबंध में पैनलबद्ध हुए हैं, को उनके श्रेणीकरण एवं वरिष्ठता के अनुसार पैनल में रखा जाएगा।

(सं. ई(जीपी)81/1/18 दिनांक 9.4.1981
सं. ई(जीपी)81/1/18 दिनांक 25.7.1983)

8.4 यदि स्लाइडिंग वेतनमान को लागू करते हुए निर्धारित किए गए फील्ड में उपलब्ध अ. जा. की संख्या उनके लिए आरक्षित की गई रिक्तियों की संख्या में 3 गुना के तदनुरूप नहीं है तो अ.जा. के उम्मीदवारों के लिए फील्ड को उन रिक्तियों की संख्या की केवल 5 गुना तक ही बढ़ाया जाए। इसी प्रकार यदि अ.ज.जा. उम्मीदवार उनके लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या के 3 गुना के बराबर उपलब्ध नहीं है तो अ.ज.जा. उम्मीदवारों के लिए फील्ड को कुल रिक्तियों की संख्या के केवल 5 गुना तक ही बढ़ाया जाए। यदि अ.जा एवं अ.ज.जा. उम्मीदवार दोनों उनके लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या के 3 गुना के तदनुरूप उपलब्ध नहीं है, तब अ.जा./अ.ज.जा. उम्मीदवार दोनों के लिए फील्ड को रिक्तियों की संख्या के 5 गुना तक बढ़ाया जाना चाहिए।

(सं.ई(जीपी)81/1/18 दिनांक 4.9.1982)

8.5 जहां जोन को अनुसूचित/अनुसूचित जनजाति (अन्य को नहीं) पर विचार किये जाने के उद्देश्य हेतु रिक्तियों की संख्या को पाँच गुना बढ़ाया जाना आवश्यक है, इसके परिणामस्वरूप स्लाइडिंग स्केल को लागू करने से प्राप्त होने वाली संख्या स्वाभाविक रूप से जोन में कर्मचारियों की संख्या से अधिक होगी। ऐसी स्थिति में सामान्य जोन में से सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों की तदनुरूपी संख्या को छोड़ना सही नहीं होगा, क्योंकि इससे वे उनकी वैध रूप से देय उचित अवसर से वंचित हो जाएंगे।

(सं.ई(जीपी)81/1/18 दिनांक 29.9.1981)

8.6 यदि स्लाइडिंग वेतनमान के अनुसार तैयार की गई फील्ड में वे कर्मचारी शामिल हैं जो पूर्व के चयनों में दो बार असफल हो गए थे, तो अतिरिक्त कर्मचारियों को तदनुरूपी संख्या में बुलाया जाना चाहिए, उदाहरणत: पाँच रिक्तियों के अंतर्गत चयन के लिए फील्ड में 15 कर्मचारी है और उसमें मान लिया जाए कि तीन कर्मचारी ऐसे हैं, जिन्होंने दो बार चयन में भाग लिया है और जो असफल हुए हों, तो फील्ड में वरिष्ठता के अनुसार तीन और पात्र कर्मचारियों को शामिल किया जाना चाहिए।

(सं.ई(जीपी)85/1/78 दिनांक 10.9.1986)

8.7 चयन के लिए जारी नोटिस में बनाई गई सूची में पात्र कर्मचारियों के निहित नामों के अलावा अतिरिक्त पात्र कर्मचारियों के नामों वाली एक आरक्षित सूची निहित हो, जिसमें यह उल्लेख किया गया हो कि फील्ड में शामिल कर्मचारियों के बाहर होने की स्थिति में उन्हें लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जा सकता है।

8.8 कर्मचारी जिन्हें सूची में रखा गया है, को प्रस्तवित चयन हेतु इस स्पष्ट अनुबंध के साथ वैयक्तिक रूप से सूचित किया जाए कि वे सूचना के प्राप्त होने पर चयन में भाग लेने हेतु अपनी इच्छा/अनिच्छा सूचित करेंगे। इस उद्देश्य हेतु, प्रत्येक नोटिस में एक काउंटर फॉयल होना चाहिए। जिसे प्राप्ति पर कर्मचारी द्वारा चयन में भाग लेने हेतु अपनी इच्छा या अनिच्छा दर्शाते हुए एक पखवाड़े के भीतर वापस किया जाना चाहिए। नोटिस में स्पष्ट रूप से यह इंगित होना चाहिए कि चयन में भाग लेने हेतु अपनी इच्छा/अनिच्छा की सूचना देना कर्मचारी की जिम्मेवारी होगी और अनुमत अवधि के भीतर प्रत्युत्तर या सूचना देने में असफल रहने पर इसे चयन हेतु उसकी अनिष्ठा माना जाएगा। अनिष्ठा की सूचना दिए जाने या कोई सूचना न मिलने की स्थिति के आधार पर, चयन में भाग लेने के लिए जहां तक आवश्यक हो, आरक्षित सूची से कर्मचारियों को बुलाया जाना चाहिए।

8.9 ऐसे कर्मचारी, जिन्होंने न तो लिखित परीक्षा में भाग लिया हो और न ही अपनी इच्छा व्यक्त की हो, को बोर्ड के दिनांक 10.9.1986 के पत्र सं. ई(जीपी)85/1/78 के पैरा 1(ii) में निहित अनुदेशों के प्रयोजन के लिए यह समझा जाएगा कि उन्होंने एक अवसर का लाभ उठा लिया है।

8.10 यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए जाने चाहिए कि चयन में भाग लेने वाले कर्मचारियों की संख्या को तैयार की गई सूची में बिना किसी गलती के प्रदर्शित किया जाए।

(सं.ई(जीपी)87/2/72 दिनांक 11.1.1988)

8.11 <u>सहायक कार्मिक अधिकारी के पद हेतु चयन</u>

8.11.1 कार्मिक विभाग में समूह 'ख' पदों की पदोन्नति हेतु चयन के संबंध में संख्या की सीमा के बिना उन सभी कर्मचारियों पर विचार किया जाना चाहिए जो पात्र हों और चयन के लिए इच्छुक हों।

(भारतीय रेल स्थापना नियमावली वाल्यूम 1 का पैरा 203.8
सं.ई(जीपी)81/1/18 दिनांक 9.4.1981)

8.11.2 मौखिक परीक्षा हेतु मौजूदा रिक्तियों की संख्या के छह गुना तक सफल अभ्यर्थियों को उनके द्वारा प्राप्त किए गए अंकों के आधार पर ही बुलाना चाहिए।

(सं.ई(जीपी)81/1/18 दिनांक 26/29.9.1981

9. <u>ग्रुप 'ख' पदों पर पदोन्नति के उद्देश्य हेतु विभिन्न विभागों/वरिष्ठता इकाइयों से संबंधित कर्मचारियों की एकीकृत वरिष्ठता।</u>

9.1 जहां चयन के लिए उपस्थित होने के लिए विभिन्न धाराओं के कर्मचारी पात्र हैं, इसलिए चयन के प्रयोजनार्थ उनकी एकीकृत वरिष्ठता, 6500-10500/- रुपए और उससे ऊपर के ग्रेड में उनकी अनाकस्मिक सेवा की कुल अवधि के आधार पर निर्धारित की जानी चाहिए। दूसरे शब्दों में अनाकस्मिक आधार पर 6500-10500/- रुपए के ग्रेड में नियुक्ति की तारीख ही मापदंड होगी।

(भारतीय रेल स्थापना नियमावली वॉलयूम 1 का पैरा 203.5
सं.ई(जीपी)88/2/46 दिनांक 22.12.1988)

9.2 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों, जिनकी नियुक्ति आरक्षित रिक्तियों पर की गई है, द्वारा धारित पदों के संदर्भ में वरिष्ठता के निर्धारण के संबंध में, ऐसा हो सकता है कि वरिष्ठता निर्धारण की सामान्य कार्यविधि के अनुसार, एक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अधिकारी की रोस्टर पॉइंट के अनुसार तैनाती से लम्बी अवधि की सेवा वाले सामान्य वर्ग के कर्मचारियों की वरिष्ठता प्रभावित हो सकती है, जो अन्यथा वरिष्ठ हैं और उन्हें पैनल पर रखा जा सकता है परंतु वे रिक्तियां अनु. ज/अनु.ज.ज. हेतु आरक्षित होती हैं। इस प्रकार के मामलों में निम्नलिखित कार्यविधि अपनाई जानी चाहिए।

9.3 चयनित पदों के मामले में, पैनल पर रखे गए अनु.ज./अनु. जनजाति कर्मचारियों को पैनल में उनके तत्काल नीचे के सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों की सेवा की अवधि का लाभ दिया जाएगा। बहरहाल, ऐसे मामलों में जहां अनु.ज./अनु. जनजाति कर्मचारियों को पैनल में सबसे नीचे रखा गया है, परन्तु आरक्षित पदों पर उनकी तारीखों से पहले पदोन्नत किया गया है, तो उनकी सेवा अवधि पैनल पर उनके तत्काल ऊपर रखे गये कर्मचारियों के बराबर होनी चाहिए।

9.4 गैर-चयनित पदों के मामलों में, सेवा अवधि की गणना नियुक्ति की तिथि से की जाए।

(सं.ई(जीपी)88/2/46 दिनांक 22.12.1988 व 31.8.1989)

10. <u>चयन प्रक्रिया</u>

10.1 पैनलबद्ध के लिए उम्मीदवारों का चयन व्यावसायिक योग्यता का निर्णय करने के लिए लिखित परीक्षा, मौखिक परीक्षा और चयन समिति द्वारा अभिलेखों के मूल्यांकन पर आधारित होता है।

(भारतीय रेल स्थापना नियमावली वॉलयूम 1 का पैरा 204.1)

10.2 लिखित परीक्षाओं, मौखिक परीक्षा और सेवा के रिकॉर्ड के मूल्यांकन में निम्नलिखित कार्यविधि अपनायी जाए:-

10.2.1 <u>लेखा विभाग को छोड़कर अन्य विभागों में समूह 'ख' के पदों पर पदोन्नति के लिए चयन प्रक्रिया:</u>

लिखित परीक्षा का एक पेपर होगा, जिसमें केवल बहु-विकल्पों वाले वस्तुनिष्ठ प्रकार के 100% प्रश्न होंगे। यह पेपर 100 अंकों का होगा और इन अंकों का आबंटन निम्नानुसार होगा:

क) तकनीकी विषय जिसमें राजभाषा नीति शामिल हैं	:	70 अंक
ख) स्थापना एवं वित्तीय नियम	:	30 अंक
ग) अर्हता अंक	:	60

10.2.2 <u>लेखा विभाग को छोड़कर अन्य विभागों में 30% सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा:</u>

10.2.2 (क) <u>पूर्व-अर्हता परीक्षा</u>:

100 अंकों की एक पूर्व-अर्हता एकल पेपर परीक्षा होगी, जिसमें केवल बहु-विकल्पों वाले वस्तुनिष्ठ प्रकार के 100% प्रश्न होंगे। इन अंकों का आबंटन निम्नानुसार होगा:

तकनीकी विषय	:	40 अंक
सामान्य ज्ञान जिसमें राजभाषा नीति पर वैकल्पिक प्रश्न शामिल हैं।	:	30 अंक
स्थापना एवं वित्तीय नियम	:	30 अंक

10.2.2 (ख). <u>अर्हक अंक:</u>

पूर्व-अर्हता परीक्षा में 75% अंक तथा उससे अधिक अंक पाने वाले उम्मीदवार मुख्य परीक्षा में भाग लेने के लिए पात्र होंगे और इसके लिए उम्मीदवारों की संख्या को मेरिट के क्रम में संबंधित रिक्तियों की संख्या के 5 गुना तक सीमित किया जाना चाहिए।

10.2.2 (ग). <u>मुख्य परीक्षा:</u>

पूर्व-अर्हता परीक्षा के पश्चात् व्यावसायिक विषय पर 100 अंकों का एक विवरणात्मक पेपर होगा और लिखित परीक्षा के लिए अर्हक अंक 60% और उससे अधिक होंगे।

10.2.2 (ग) (i) गलत जवाबों के नकारात्मक अंक होंगे। प्रत्येक गलत जवाब के लिए प्रत्येक प्रश्न हेतु आबंटित अंकों में से एक-तिहाई अंक काटा जाएगा।

10.2.2 (ग) (ii) सभी वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के अंक समान होंगे।

10.2.2 (ग) (iii) प्रश्न पत्रों के अंग्रेजी सहित हिंदी संस्करण में प्रत्येक प्रश्न के क, ख, ग, घ (केवल बड़े अक्षरों) के रूप में चार विकल्प होने चाहिए और उम्मीदवारों द्वारा ऐसे प्रश्नों के उत्तर निरपवाद रूप से बड़े अक्षरों में दिए जाएं।

10.2.2 (ग) (iv) बहुविकल्पी प्रश्नों के जवाब की प्रामाणिकता को सुनिश्चित करने के लिए किसी भी प्रकार की संशुद्धि (अर्थात् काटना, उपरिलेखन, टिक किए गए जवाब की स्कोरिंग एवं दूसरे जवाब को टिक लगाना, मिटाना, किसी भी प्रकार से जवाब को संशोधित करना) की अनुमति नहीं होगी। ऐसी संशुद्धियों के मामले में शून्य अंक दिया जाएगा।

10.3 (I) लेखा विभाग में सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा:

निर्धारित पेपर	**अधिकतम अंक**	**अर्हक अंक**
व्यावसायिक पेपर-I (बोर्ड के दिनांक 3.8.77 के आदेश के अंतर्गत परिपत्रित पेपर II (क) के व्यावसायिक विषय तथा सामान्य ज्ञान एवं अंग्रेजी	150	90
व्यावसायिक पेपर-II (बोर्ड के दिनांक 3.8.77 के आदेश के तहत पेपर-II में पेपर II(ख) और III के विषय शामिल होंगे, जैसा बोर्ड के दिनांक 9.9.78 के पत्र सं. 78-एसी।।।/20/49 में उल्लेख किया गया है।	150	90

10.3(II). लेखा विभाग में चयन:

निर्धारित पेपर	**अधिकतम अंक**	**अर्हक अंक**
व्यावसायिक विषय और स्थापना तथा वित्तीय नियमों पर एक पेपर	150	90
टिप्पणी: 150 अंकों में से, व्यावसायिक विषय के लिए कम-से-कम 100 अंक होंगे।		

10.4 सेवा का रिकॉर्ड और मौखिक परीक्षा:

		अधिकतम अंक	**अर्हक अंक**
i)	मौखिक परीक्षा	25	30 (सेवा के रिकॉर्ड में कम-से-कम 15 अंक सहित)
ii)	सेवा का रिकॉर्ड	25	

(सं.ई(जीपी)2018/2/31 दिनांक 19/03/2019 एवं ई(जीपी)88/2/111 दिनांक 20.8.1991)

10.5 चयन (70% रिक्तियों) के लिए लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र में एक व्यावहारिक अभिनति होनी चाहिए अर्थात यह इस प्रकार तैयार किया जाए कि इससे उम्मीदवारों के सैद्धांतिक ज्ञान की परीक्षा की बजाय उनकी व्यावहारिक समस्याओं से, जिनका उन्हें सामना करने की संभावना हो, निपटने की योग्यता की परीक्षा की। इस बात को ध्यान में रखते हुए ही सहायक कार्मिक अधिकारी के पद के लिए लिखित परीक्षा के सिवाय किसी लिखित परीक्षा के लिए कोई पाठ्य विवरण निर्धारित नहीं किया गया है तथा रेलों द्वारा स्थानीय परिस्थितियों/परिपाटियों के अनुसार ही प्रश्न पत्र बनाया जाना चाहिए।

(भारतीय रेल स्थापना नियमावली वॉल्यूम 1 का पैरा 204.2)

10.6 चयन के अंतर्गत होने वाली लिखित परीक्षा के लिए निर्धारित कुल 100 अंकों में से 10% अंक राजभाषा नीति और राजभाषा नियमों से संबंधित प्रश्नों के लिए आवंटित कर दिये जाने चाहिए। एलडीसीई के मामले में, राजभाषा नीति और नियमों से संबंधित प्रश्न को सामान्य ज्ञान के पत्र में शामिल किया जाए। यद्यपि राजभाषा नीति और राजभाषा नियमों से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए परंतु वे प्रश्न अनिवार्य नहीं होने चाहिए। राजभाषा नीति और राजभाषा नियमों से संबंधित प्रश्न मुख्य राजभाषा अधिकारी द्वारा अथवा उनके परामर्श से निर्धारित किया जाए।

(भारतीय रेल स्थापना नियमावली वॉल्यूम 1 का पैरा 204.3 एवं 204.4 और
सं.हिन्दी -81/ओ एल-14/12 दिनांक 14.1.82 एवं
सं.हिन्दी -2010/ओ एल-1/10/4 दिनांक 03.07.2019)

10.7 अंकों के अनुसीमन की अनुमति नहीं होगी। प्रश्नों के उत्तरों के अंकों को पूर्णांकित करने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि, कुल अंकों में 0.5 और उससे अधिक दशमलव अंक को अगली पूर्णांक संख्या में परिवर्तित किया जाए। इसी प्रकार, कुल अंकों में 0.5 से कम के दशमलव को सबसे कम पूर्णांक संख्या में परिवर्तित किया जाए।

(भारतीय रेल स्थापना नियमावली वॉल्यूम 1 का पैरा 204.5 और
सं. ई(जीपी)2015/2/8 दिनांक 28/11/2016)

10.8 व्यक्तित्व, संबोधन और नेतृत्व के गुणों का मूल्यांकन मौखिक परीक्षा के समय किया जाना चाहिए। यदि व्यावसायिक योग्यता का निर्णय करने के लिए लिखित परीक्षा आयोजित नहीं की जाती है तो व्यावहारिक आधार के प्रश्नों के माध्यम से मौखिक परीक्षा में उसका भी मूल्यांकन किया जाना चाहिए।

(भारतीय रेल स्थापना नियमावली वॉल्यूम 1 का पैरा 204.6)

10.9 सेवा अभिलेख के अंक गोपनीय रिपोर्टों और संबंधित सेवा अभिलेखों के आधार पर दिये जाने चाहिए। चरित्र की सत्यनिष्ठा की ओर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

(भारतीय रेल स्थापना नियमावली वॉल्यूम 1 का पैरा 204.7)

11. सेवा के रिकॉर्ड का मूल्यांकन

11.1 मूल्यांकन पिछले पाँच वर्ष की गोपनीय रिपोर्ट के आधार पर होना चाहिए।

11.2 पाँच गोपनीय रिपोर्टों को शामिल करते हुए अधिकतम 25 अंकों के लिए अंक निम्नानुसार दिये जाएँ:-

उत्कृष्ट	:	5 अंक
अति उत्तम	:	4 अंक
उत्तम	:	3 अंक
उत्तम/उपयुक्त नहीं	:	2.5 अंक
औसत	:	2 अंक
औसत से कम	:	1 अंक

11.3 पिछली 3 गोपनीय रिपोर्टों में "उपयुक्त नहीं/अभी उपयुक्त नहीं" वर्गीकरण को 2.5 अंक दिए जाएंगे परंतु पहली 2 गोपनीय रिपोर्टों में ऐसे वर्गीकरण को 3 अंक दिए जाएंगे।

11.4 प्रत्येक वर्ष में सेक्शन-II में दी गई 5 विशेषताओं की ग्रेडिंग के अनुरूप अंकों को जोड़ा जाएगा और तब 5 वर्ष का औसत जोड़ निकाला जाएगा।

11.5 'पदोन्नति के लिए उपयुक्त' के रूप में वर्गीकरण की दुष्टि से किसी भी कर्मचारी को पिछली 5 गोपनीय रिपोर्टों से कम-से-कम 15 अंक प्राप्त करने आवश्यक हैं और अंतिम गोपनीय रिपोर्ट में पदोन्नत के लिए उपयुक्त के रूप में रेटिंग होनी चाहिए। प्राप्त किए हुए आंकड़े पर विचार किए बिना अंतिम गोपनीय रिपोर्ट में "औसत" या 'उपयुक्त नहीं' की रेटिंग को 'ग्रे एरिया' के रूप में माना जाएगा।

11.6 प्रत्येक वर्ष की गोपनीय रिपोर्ट की समग्र ग्रेडिंग के अनुसार अंक आबंटित किए जाने चाहिए और अंक सिर्फ दी गई अंतिम ग्रेडिंग के आधार पर नहीं दिए जाने चाहिए अपितु समिति द्वारा पूरी गोपनीय रिपोर्ट पढ़ी जानी चाहिए और उससे प्राप्त ग्रेडिंग के लिए अंक दिए जाने चाहिए।

11.7 विभागीय पदोन्नति समिति को पदोन्नति हेतु विचार किए जाने वाले सभी कर्मचारियों के संबंध में बराबर संख्या में वर्षों की गोपनीय रिपोर्टों पर विचार करना चाहिए।

11.8 यदि एक वर्ष विशेष के लिए एक से अधिक गोपनीय रिपोर्ट लिखी गई हैं तो संबंधित वर्ष हेतु सभी गोपनीय रिपोर्टों पर एक वर्ष की गोपनीय रिपोर्ट मानकर एक साथ विचार किया जाएगा।

11.9 जहां एक या अधिक गोपनीय रिपोर्ट नहीं लिखी गई है या उपलब्ध नहीं है तो निम्न ग्रेडों में ली गई रिपोर्ट सहित पूर्व वर्षों की गोपनीय रिपोर्टों को आकलन हेतु अपेक्षित गोपनीय रिपोर्टों की अपेक्षित संख्या को पूरा करने हेतु लेखे में लिया जाएगा।

11.10 जहां कर्मचारी स्थानांतरण आधार पर अगले उच्च ग्रेडों में कार्य कर रहे हैं और उस ग्रेड में गोपनीय रिपोर्टें ले रहे हैं, को उनके उच्चतर ग्रेडों में स्थानापन्न रूप से कार्य करने के आधार पर कोई अतिरिक्त महत्व नहीं दिया जाएगा।

(सं. ई(जीपी)87/2/123 दिनांक 19.9.1988 और 20.4.1989
सं.ई(जीपी)89/2/30 दिनांक 29.9.89/5.10.1989
सं.ई(जीपी)2000/2/95 दिनांक 16.1.2001)

12. प्रश्न पत्र की सेटिंग और मूल्यांकन हेतु प्राधिकारी

12.1 लेखा विभाग में ग्रुप 'बी' पद में पदोन्नति के लिए आयोजित चयन/सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा में निम्नलिखित प्राधिकारी प्रश्न पत्रों को बनाएंगे और मूल्यांकन करेंगे:-

क्र.सं.	विवरण	प्रश्न पत्र बनाने हेतु प्राधिकारी	उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु प्राधिकारी
1	चयन (70%)		
क	विभागीय हिस्सा	लेखा विभाग के प्रमुख विभागाध्यक्ष	कोई अन्य एसएजी अधिकारी
ख	स्थापना एवं वित्तीय नियम	लेखा विभाग के प्रमुख विभागाध्यक्ष	कोई अन्य एसएजी अधिकारी
2	सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (30%)		
क	सामान्य ज्ञान एवं अँग्रेजी	लेखा विभाग के प्रमुख विभागाध्यक्ष	लेखा विभाग का कोई अन्य एसएजी अधिकारी।
ख	व्यावसायिक विषय - पेपर I एवं II	लेखा विभाग के प्रमुख विभागाध्यक्ष	लेखा विभाग का कोई अन्य एसएजी अधिकारी।

(सं. ई(जीपी)2001/2/32 दिनांक 25.10.2001)

12.2. लेखा विभाग से इतर विभागों में आयोजित चयन/सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र बनाना और उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करना:

(i) एलडीसीई की अर्हता पूर्व परीक्षा सहित लिखित परीक्षा के प्रश्न-पत्रों को संबंधित विभाग के प्रमुख विभागाध्यक्ष द्वारा तैयार किया जाएगा और संबंधित विभाग के एसएजी अधिकारी द्वारा उत्तर-पुस्तिका का मूल्यांकन किया जाएगा, जिसे महाप्रबंधक द्वारा नामित किया जाएगा।

(सं.ई(जीपी)2018/2/31 दिनांक 19/03/2019)

13. ग्रुप 'बी' पदों में पदोन्नति के लिए चयन/ सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के एक भाग के रूप में आयोजित लिखित परीक्षा के मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की प्रतिधारण अवधि:

13.1 70% चयन/30% सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा द्वारा ग्रुप 'बी' पदों में पदोन्नति के लिए आयोजित लिखित परीक्षा की मूल्यांकित उत्तर-पुस्तिका के लिए प्रतिधारण अवधि निम्नानुसार होगी:-

i) पैनल के प्रकाशन होने की तारीख से एक वर्ष;

अथवा

ii) पैनल की अवधि समाप्त होने तक

अथवा

iii) चयन/उपयुक्तता परीक्षा के विरुद्ध शिकायत/जांच/कोर्ट केस को अंतिम रूप दिए जाने तक, यदि कोई हो तो;

उपर्युक्त तीन में से जो बाद में हो।

13.2. इसके अलावा, यह सुनिश्चित किया जाए कि मूल्यांकित उत्तर-पुस्तिकाओं के निपटान से पहले सतर्कता स्वीकृति प्राप्त की।

(सं.ई(जीपी)2010/2/27 दिनांक 23/08/2010)

14. <u>पैनलबद्ध होने हेतु कार्य विधि</u>

14.1 <u>चयन</u>

14.1.1 सफल उम्मीदवारों को निम्नलिखित क्रम में रखा जाएगा:-

(1) 80% और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वालों को उत्कृष्ट कोटि में रखा जाएगा।

(2) 60% से 79% के बीच अंक प्राप्त करने वालों को उत्तम कोटि में रखा जाएगा।

(भारतीय रेल स्थापना नियमावली खंड 1 का पैरा 204.8)

14.1.2 पैनल में उन कर्मचारियों को शामिल किया जाना चाहिए जिन्होंने रिक्तियों की संख्या, जिसके लिए चयन आयोजित किया गया था, के अनुरूप चयन में अर्हता प्राप्त की थी। उत्कृष्ट कोटि में आने वाले कर्मचारियों को, प्रत्येक समूह के भीतर पारस्परिक वरिष्ठता को बनाए रखते हुए "उत्तम" कोटि में आने वाले कर्मचारियों के ऊपर रखा जाएगा।

(भारतीय रेल स्थापना नियमावली वॉल्यूम 1 का पैरा 204.9)

14.2 <u>सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा</u>

14.2.1 अर्हता प्राप्त करने के लिए, एक उम्मीदवार को लिखित परीक्षा के प्रत्येक पेपर में मौखिक परीक्षा में न्यूनतम निर्धारित अर्हक अंक प्राप्त करने चाहिए जिसमें पृथक रूप से और समग्र रूप में भी सेवा का रिकॉर्ड शामिल हो।

14.2.2. सफल उम्मीदवारों की ग्रेडिंग जैसे "उत्कृष्ट" 'बहुत अच्छा' आदि नहीं होगी। उनके नाम प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा प्राप्त किए गए कुल अंकों के आधार पर मैरिट के अनुसार रखे जाएंगे।

(सं.ई(जीपी)76/2/96 दिनांक 3.6.1977 ई(जीपी)76/2/96 दिनांक 3.8.1977
ई(जीपी)74/2/20 दिनांक 31.8.1978 ई(जीपी)86/2/61 दिनांक 10.1.1990
ई(जीपी)88/2/111 दिनांक 20.8.91)

14.2.3. यदि 2 या अधिक उम्मीदवार 30% सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा में पूर्ण योग (लिखित परीक्षा + मौखिक परीक्षा + सेवा का रिकॉर्ड) में एक बराबर अंक प्राप्त करते हैं तो उनको पैनलबद्ध करने के प्रयोजन हेतु उनकी सापेक्ष मैरिट स्थिति फीडर ग्रेड (डों) में उनकी सापेक्ष वरिष्ठता के आधार पर निर्धारित की जाए। उम्मीदवार जो वरिष्ठ है, को उच्चतर रैंक दिया जाएगा। इस समान मानदंड को उन उम्मीदवारों जो पूर्ण योग में एक समान अंक प्राप्त करते हैं, में से किसे अंतिम रिक्त हेतु पैनलबद्ध किया जाएगा, को निर्धारित करने के लिए लागू किया जाएगा।

(सं.ई(जीपी)2001/2/69 दिनांक 17.10.2001)

14.3. चयन समिति की सिफ़ारिशें अनुमोदन के लिए महाप्रबंधक को प्रस्तुत की जानी चाहिए। यदि वह उन सिफ़ारिशों का अनुमोदन नहीं करता है तो वह उसके संबंध में अपना अभिमत लिखित रूप में अंकित करेगा और पुनः चयन करने का आदेश देगा। महाप्रबंधक द्वारा एक बार पैनल अनुमोदित हो जाने के बाद, रेलवे बोर्ड के पूर्व अनुमोदन के सिवाय पैनल में कोई संशोधन या परिवर्तन नहीं किया जाना चाहिए।

(भारतीय रेल स्थापना नियमावली वॉल्यूम I का पैरा 204.10)

14.4. चयन बोर्ड (70%) और प्रतियोगी परीक्षा (30%) के जरिए किसी भी एक समय में भरी जाने वाली रिक्तियों की घोषित संख्या के संबंध में वरिष्ठता के मामले में सामान्य चयन के जरिए पैनलबद्ध किए जाने वालों को सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के जरिए चयनित किए जाने वालों से वरिष्ठ रैंक दिया जाएगा।

(सं.ई(जीपी)76/2/96 दिनांक 3.6.1977
ई(जीपी)74/2/20 दिनांक 31.8.1978
ई(जीपी)86 /2/61 दिनांक 10.1.90)

14.5 पैनल सक्षम अधिकारी के अनुमोदन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के लिए अथवा अगले चयन के आधार पर नया पैनल बनाने पर उसके उपलब्ध हो जाने तक, जो भी पहले हो, प्रवृत्त होगा। यदि अनंतिम पैनल बनाए जाते हैं तो उसकी अवधि परिकलन अनंतिम पैनल के अनुमोदन की तारीख से किया जाएगा। यदि किसी अनुमोदित पैनल का प्रवर्तन न्यायालय के व्यादेश के परिणामस्वरूप पूर्णतः या अंशतः आस्थगित कर दिया जाता है तो पैनल की अवधि का परिकलन न्यायालय के निदेश में शामिल अवधि को निकालने के बाद से किया जाएगा। व्यादेश के निष्प्रभावी होने के बाद/न्यायालय द्वारा मामला निपटा दिए जाने के बाद पैनल को प्रवर्तित करने से पूर्व महाप्रबंधक का वैयक्तिक अनुमोदन लिया जाना चाहिए।

(भारतीय रेल स्थापना नियमावली वॉल्यूम I का पैरा 205)

14.6 सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के जरिए भरी जाने वाली 30% रिक्तियों के लिए बनाया गया सफल उम्मीदवारों का पैनल उतनी समय अवधि के लिए विधिमान्य होगा जितना सामान्य चयन के जरिए भरी जाने वाली 70% रिक्तियों के लिए बनाया गया पैनल है।

(ई(जीपी)76/2/96 दिनांक 3.6.1977
ई(जीपी)74/2/20 दिनांक 31.8.1978
ई(जीपी)86/2/61 दिनांक 10.1.1990)

15. वर्षवार पैनलों को तैयार करना जहां चयन संबद्ध वर्षों में आयोजित नहीं किए गए हैं

15.1 मौजूदा अनुदेशों में यह व्यवस्था है कि समूह ख पदों पर पदोन्नति हेतु चयन नियमित रूप से दो वर्ष में एक बार आयोजित किए जाने चाहिए। यह आवश्यक है कि तदर्थ पदोन्नतियों की आवश्यकता को यदि पूर्ण रूप से नहीं भी हटाया जाता हो न्यूनतम करने के लिए अनुसूची का पालन किया जाए। इसके अतिरिक्त यदि चयन उपयुक्त समय पर आयोजित नहीं किए जाते हैं और रिक्तियॉ इकट्ठी कर ली जाती हैं तो इसके परिणामस्वरूप उन वरिष्ठ कर्मचारियों जिनके चयन उपयुक्त समय पर किए गए थे और जिनको चयन के बेहतर अवसर हुए होते, से अभ्यावेदन प्राप्त होंगे। इस दृष्टिकोण से भी यह आवश्यक है कि चयन यथा निर्धारित दो वर्ष में एक बार आयोजित किए जाएँ।

15.2 बहरहाल, जहां प्रशासन के नियंत्रण से परे आपवादिक कारणों की वजह से अनुसूची के अनुसार चयन आयोजित करना सम्भव नहीं है और इसमें एक वर्ष से अधिक की देरी हो जाती है, तो उसके बाद आयोजित किए गए पहले चयन में नीचे दर्शायी और उद्धृत की गई कार्यविधि का पालन किया जाना चाहिए।

15.2.1 प्रत्येक चयन हेतु रिक्तियों की वास्तविक संख्या अलग-अलग आंकी जानी चाहिए।

15.2.2 पूर्व चयन से शुरू करते हुए, प्रत्येक चयन पर भरी जाने वाली रिक्तियों के संदर्भ में विचार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कर्मचारियों के संदर्भ में ही प्रत्येक चयन के लिए विचार किया जाना चाहिए।

15.2.3 प्रत्येक चयन हेतु एक पैनल बनाया जाना चाहिए। पूर्व अवधि के पैनल को अगली अवधि के पैनल पर रखकर और इसी प्रकार सभी पैनल समेकित किए जाने चाहिए।

15.2.4 केवल एक लिखित परीक्षा होगी। प्रत्येक चयन अवधियों हेतु लिखित परीक्षा अलग से आयोजित नहीं की जानी चाहिए।

15.2.5 चूंकि वहां जहां एक से अधिक चयन से संबंधित रिक्तियां इकट्ठी की जाती हैं, केवल एक पैनल तैयार किया जाएगा। सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा का तदनुरूपी पैनल समेकित सामान्य पैनल से नीचे रखा जाएगा।

15.2.6 समेकित पैनल के आधार पर की गई पदोन्नतियों का केवल भूतलक्षी प्रभाव होगा। वेतन के प्रोफार्मा निर्धारण की अनुमति नहीं है।

15.3 <u>उद्धरण</u>

एक विभाग में समूह ख में पदोन्नति हेतु 7 अधिकारियों का एक पैनल तैयार करने के लिए 1979 में एक चयन आयोजित किया जाना था, लेकिन चयन आयोजित नहीं किया जा सका और अब इसे 1981 में आयोजित किए जाने का प्रस्ताव है। 1981 में आयोजित किए जाने वाले चयन हेतु कुल रिक्तियां 12 निर्धारित की गई हैं, जिसमें वे 7 रिक्तियां शामिल हैं, जो 1979 में चयन के आधार पर भरी जानी चाहिए थी। पहले 7 रिक्तियों के लिए एक पैनल बनाया जाना चाहिए, उसके पश्चात एक अन्य पैनल 5 रिक्तियों के लिए बनाया जाना चाहिए।

<u>1979 के लिए पैनल</u>

रिक्तियों की संख्या	7
पसंदीदा विभाग	21
विचार किए गए कर्मचारी	क्र.सं.1 से 21

चयन समिति की सिफारिशें:- क्र.सं.15 को 'उत्कृष्ट' के रूप में वर्गीकृत किया गया है। क्र.सं.11 एवं 12 ने अर्हता प्राप्त नहीं की। बाकी को 'अच्छा' के रूप में वर्गीकृत किया गया है। पैनल में निम्नलिखित क्रम संख्या शामिल होगी:

15
1
2
3
4
5
6
<u>7 अधिकारी</u>

<u>1981 के लिए पैनल</u>

रिक्तियों की संख्या	5
पसंदीदा विभाग	15
विचार किए गए कर्मचारी	क्र.सं.7 से 14 क्र.सं.16 से 22 (15 अधिकारी)

चयन समिति की सिफारिशें:- क्र.सं.22 को 'उत्कृष्ट' के रूप में वर्गीकृत किया गया है। क्र.सं.11 एवं 12 ने अर्हता प्राप्त नहीं की। बाकी को 'अच्छा' के रूप में वर्गीकृत किया गया है। पैनल में निम्नलिखित क्रम संख्या शामिल होगी:

22
7
8
9
10
5 अधिकारी

चयन के फलस्वरूप घोषित किए जाने वाला समेकित पैनल होना चाहिए
15, 1, 2, 3, 4, 5, 6, 22, 7, 8, 9 एवं 10

15.4 अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के लिए क्षेत्र का निर्धारण

15.4.1 मान लिया जाए कि 2 चयन अवधियों से संबंधित रिक्तियों के लिए 26 अधिकारियों का एक पैनल बनाया जाना अपेक्षित है और इसमें से 15 रिक्तियां पहले चयन से और 11 रिक्तियां दूसरे चयन से संबंधित हैं। इनमें कुल 6 आरक्षित रिक्तियां हैं, जिनमें से 3 (2 अनुसूचित जाति + 1 अनुसूचित जनजाति) पहले चयन से और 3 (2 अनुसूचित जाति + 1 अनुसूचित जनजाति) उत्तरवर्ती चयनों से संबंधित हैं।

15.4.2 लिखित परीक्षा के लिए 78 पात्र कर्मचारियों को बुलाया जाना चाहिए। 6 आरक्षित रिक्तियों (4 अनुसूचित जाति + 2 अनुसूचित जनजाति) के लिए यदि 12 अनुसूचित जनजाति और 3 अनुसूचित जाति कर्मचारी अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए अलग-अलग आरक्षित रिक्तियों की संख्या के 3 गुना के तदनुरूप बुलाए गए 78 कर्मचारियों में उपलब्ध है तो इसे पर्याप्त समझा जाना चाहिए। यदि ऐसा नहीं है, तो उपर्युक्त पैरा 9.4 में यथा वर्णितानुसार क्षेत्र को केवल अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति या अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति दोनों के लिए कुल रिक्तियों के 5 गुना तक बढ़ाया जाए। यदि फील्ड को 5 गुना तक बढ़ाकर 12 अनुसूचित जाति और 6 अनुसूचित जनजाति उपलब्ध नहीं होते हैं तो सिर्फ उपलब्ध कर्मचारियों पर ही विचार किया जाना चाहिए।

